देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 22 02 2026

समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा है देश में अंगदान के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है।
- देहरादून के रेंजर्स ग्राउंड में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित दिव्य कला मेला का शुभारंभ हो गया है।
- निर्वाचन आयोग 24 फरवरी को राज्य चुनाव आयुक्तों के साथ एक सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में करेगा।
- आईसीसी टी—20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर 8 में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला होगा।

-------

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भविष्य में विश्व स्तर पर एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अंगदान के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि एक नेक काम अनगिनत लोगों का जीवन बदल सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में किसान अब न केवल उत्पादन पर बल्कि गुणवत्ता, मूल्यवर्धन और नए बाजारों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने केरल के त्रिसूर जिले के एक गांव में धान की विरासत को बचाने के महाभियान का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी पूरी लगन से अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और तनाव में नहीं हैं।

श्री मोदी ने रमज़ान और आगामी होली के त्यौहार की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को भी दोहराया।4

## दिव्य कला मेला

देहरादून के रेंजर्स ग्राउंड में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित दिव्य कला मेला का शुभारंभ हो गया है। जिसमें राज्यपाल गुरमीत सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने मेले में लगे स्टॉलों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों से संवाद करते हुए उनके उत्पादों और नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को रियायती ऋण के चेक भी वितरित किए गए। राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांगता कोई बाधा नहीं, बल्कि संकल्प, आत्मबल और रचनात्मकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि दिव्यांगजनों के उत्पादों और उद्यमों को अपनाकर उन्हें प्रोत्साहित करें और समावेशी समाज के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने मेले की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह आयोजन दिव्यांग सशक्तीकरण और सम्मान का प्रतीक है। गौरतलब है कि दिव्य कला मेला दिव्यांग कलाकारों और उद्यमियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करता है।

## निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग 24 फरवरी को राज्य चुनाव आयुक्तों के साथ एक सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

सम्मेलन में, राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों के कामकाज में तालमेल को बढ़ावा देना है।

सम्मेलन में प्रौद्योगिकी, ईवीएम और मतदाता–सूची साझा करने पर चर्चा होगी। आयोग के अनुसार, इस तरह का सम्मेलन 27 साल बाद हो रहा है।

**एआई इम्पैक्ट समिट 2026**

एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में अपनाए गए नई दिल्ली घोषणापत्र को 89 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ है। यह आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के लिए एआई के उपयोग पर व्यापक वैश्विक सहमति को दर्शाता है। घोषणा–पत्र का समर्थन करने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, ब्राजील, यूएई, कनाडा, इस्राइल, ब्रिटेन, चीन, जापान, अमरीका, रूस, सऊदी अरब, सिंगापुर और बांग्लादेश शामिल हैं। नई दिल्ली में संपन्न हुए इस समिट में विश्व भर की व्यापक भागीदारी देखी गई। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत से प्रेरित यह घोषणापत्र इस बात पर बल देता है कि एआई के लाभ मानवता के सभी वर्गों में समान रूप से साझा किए जाने चाहिए।

**बागेश्वर**

बागेश्वर की पावन सरयू तट पर सांस्कृतिक विरासत को संजोने और महिला प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से युवा होली समिति के तत्वावधान में सरयू बगड़ में भव्य महिला होली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परंपरा, स्वर और सामूहिक उत्साह से पूरा क्षेत्र देर तक गूंजता रहा। सरयू बगड़ में आयोजित इस प्रतियोगिता में नदीगांव, मंडलसेरा, भागीरथी, बागनाथ, ग्रामोत्थान और कठायतबाड़ा की छह टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पार्वती दास ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि लोक संस्कृति, सामाजिक समरसता और सामूहिक आनंद का प्रतीक है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बबलू नेगी ने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को मंच देते हैं और हमारी पौराणिक संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बनते हैं।

**क्रिकेट**

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर 8 में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला होगा। यह मैच शाम 7 बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। कल न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच सुपर 8 का पहला मुकाबला कोलंबो में बारिश के कारण रद्द हो गया। दोनों टीमों को एक–एक अंक मिला।

**कीवी**

न्यूजीलैंड की कीवी पूरी दुनिया में अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए मशहूर है। अब उत्तराखंड में कीवी उत्पादन की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए भारत सरकार और न्यूजीलैंड सरकार के बीच कीवी उत्पादन और तकनीकी सहयोग को लेकर समझौता किया गया है। इसी क्रम में भारत और न्यूजीलैंड के वैज्ञानिकों

का एक प्रतिनिधिमंडल चौबटिया गार्डन रानीखेत पहुंचा। वैज्ञानिकों के दल को यहां की जलवायु, मिट्टी और कीवी उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं न्यूजीलैंड से आए वैज्ञानिकों ने उन्नत किस्मों, आधुनिक तकनीक और बेहतर पैदावार के तरीकों को साझा किया। राजकीय उद्यान समन्वयक डा. सुरभि ने कहा कि "उत्तराखंड की जलवायु कीवी उत्पादन के लिए काफी अनुकूल है। न्यूजीलैंड के वैज्ञानिकों के सहयोग से यहां उन्नत तकनीक और बेहतर प्रबंधन पद्धतियां लागू की जाएंगी।

टिहरी

टिहरी में पर्यटन, संस्कृति और साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टिहरी झील महोत्सव का आयोजन 6 से 9 मार्च तक किया जाएगा। इस बार महोत्सव के कार्यक्रम जनपद की सभी 6 विधानसभाओं में अलग–अलग रूप में आयोजित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिले और क्षेत्रीय सहभागिता बढ़े। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां की जा रही है।

............